दैनिक जागरण
22-03-2026

काव्य संगोष्ठी में अश्वनीत रहा प्रथम स्थान पर

अंबाला (विज्ञप्ति) : जीएमएन कालेज अंबाला कैंट के छात्र अश्वनीत ने सनातन धर्म कालेज, अंबाला कैंट में आयोजित डा. पद्म सिंह शर्मा कमलेश मेमोरियल हिंदी काव्य संगोष्ठी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित की गई। प्रथम स्थान के साथ 3100 का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा यह सफलता छात्र की मेहनत, प्रतिभा और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। ऐसे मंच विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।



छात्र अश्वनीत को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। ● विज्ञप्ति